समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अर्जेंटीना पहुंचे PM मोदी, 57 साल बाद भारतीय PM का ऐतिहासिक दौरा, जाने भारत के लिए क्यों अहम है ये देश।

Publisher

Published on 05 Jul 2025



## 57 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना दौरा, रक्षा, ऊर्जा और लिथियम खनन मे सांझेदारी पर बातचीत।

**प्रधानमंत्री मोदीजी का अर्जेंटीना दौरा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों **पांच देशों की यात्रा** पर हैं और इस यात्रा का तीसरा पड़ाव है **अर्जेंटीना**। शनिवार को वे **एजीजा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे** पर पहुंचे, जहां उन्हें **गार्ड ऑफ ऑनर** से सम्मानित किया गया। यह यात्रा कई दृष्टिकोणों से ऐतिहासिक है क्योंकि **57 सालों** में यह पहला अवसर है जब कोई **भारतीय प्रधानमंत्री द्विपक्षीय दौरे** पर **अर्जेंटीना** पहुंचा है। इससे पहले **मोदी 2018 मे जी20 शिखर सम्मेलन** के लिए **अर्जेंटीना** आए थे, लेकिन तब यह यात्रा बहुपक्षीय थी।

इस बार उनका दौरा पूरी तरह **द्विपक्षीय सहयोग** और **रणनीतिक साझेदारी** बढ़ाने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री मोदी अर्जेंटीना के राष्ट्रपति **जेवियर माइली** से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात 2024 में हुई थी और इस बार के एजेंडे में **रक्षा, कृषि, ऊर्जा, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा, विज्ञान** एवं **प्रौद्योगिकी** और निवेश जैसे अहम क्षेत्र शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों के बीच लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी पर फोकस किया जाएगा।

### अर्जेंटीना भारत के लिए क्यों है महत्वपूर्ण ?

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार **अर्जेंटीना** के साथ भारत की साझेदारी कई क्षेत्रों में अपार संभावनाओं से भरी है। **अर्जेंटीना कृषि उत्पादों** का प्रमुख निर्यातक है और भारत के लिए अनाज व तिलहन का बड़ा स्रोत बन सकता है। इसके अलावा, **अर्जेंटीना मे**

**लिथियम** जैसे दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार है, जो **भारत की इलेक्ट्रिक वाहन (EV)** और **बैटरी निर्माण इंडस्ट्री** के लिए बेहद आवश्यक है।

इसके साथ ही **अर्जेंटीना की Vaca Muerta** शेल **गैस परियोजना** भारत को दीर्घकालिक **ऊर्जा आपूर्ति** में मदद कर सकती है। दोनों देश **अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** के तहत हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी आपसी सहयोग बढ़ा सकते हैं, जिससे भारत के सतत विकास लक्ष्यों को बल मिलेगा।

**त्रिनिदाद मे मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान**

**अर्जेंटीना** से पहले प्रधानमंत्री मोदी **त्रिनिदाद** और टोबैगो के दौरे पर थे, जहां उन्हें देश के **सर्वोच्च नागरिक सम्मान** '**द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो**' से नवाजा गया। यह सम्मान पाने वाले मोदी पहले विदेशी नेता बन गए हैं। इसके साथ ही भारत और त्रिनिदाद के बीच **व्यापार, डिजिटल लेनदेन, संस्कृति, स्वास्थ्य** और **समुद्री** सहयोग समेत **6 अहम समझौतों** पर हस्ताक्षर हुए।

**आगे ब्राजील और नामीबिया का दौरा**

अर्जेंटीना दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी **17वे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** में भाग लेने ब्राजील जाएंगे। वहां बहुपक्षीय **वैश्विक आर्थिक** और **राजनीतिक** विषयों पर चर्चा होगी। **ब्राजील के बाद वे नामीबिया** की राजकीय यात्रा करेंगे, जहां **भारत-अफ्रीका सहयोग** और **रणनीतिक** साझेदारी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**मिडिल ईस्ट संकट के बीच अहम यात्रा**

**मिडिल ईस्ट** में बढ़ते तनाव के बीच अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ भारत के संबंध मजबूत करना कूटनीतिक रूप से बेहद जरूरी हो गया है। **ऊर्जा सुरक्षा, खनिज संसाधनों** की आपूर्ति और **वैश्विक मंचों** पर समर्थन पाने के लिहाज से अर्जेंटीना की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस दौरे से भारत के वैश्विक प्रभाव को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है और दोनों देशों के बीच **व्यापार, रक्षा** और **ऊर्जा क्षेत्रों** में नए आयाम खुल सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.